Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# CGPSC

## Previous Year Paper

### Aptitude Test Paper-II

### 2018

Teachingninja.in

# EXAM – CGP – 18

## द्वितीय प्रश्न-पत्र / Question Paper – II

## योग्यता परीक्षा / Aptitude Test

## SET – A

उत्तर अंकित करने का समय : 2 घण्टे
Time for marking answers : 2 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

**नोट :**

1. इस प्रश्न-पत्र में **100** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।
2. प्रश्नों के उत्तर देने की विधि सम्बन्धी निर्देश जो आखिरी पृष्ठ पर दिये गये हैं, ध्यान से पढ़िये । प्रश्नों के उत्तर, दी गई उत्तर-शीट (आन्सर शीट) पर अंकित कीजिये ।
3. **किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है ।**

**Note :**


1. This question paper has 100 questions. Each question carries 2 marks.
2. Read carefully instructions regarding method of answering questions given on the last page and indicate your answers on the Answer-Sheet provided.
3. **Use of any type of calculator or log table and Mobile Phone is prohibited.**



Teachingninja.in

निर्देश : (प्र. 1 – 3)

नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए । नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए :




Δ = चाय पीने वाले व्यक्तियों की संख्या

○ = काफ़ी पीने वाले व्यक्तियों की संख्या

▭ = शराब पीने वाले व्यक्तियों की संख्या

1. ऐसे व्यक्तियों की संख्या जो केवल काफ़ी पीते हैं :


   (a) 25
   (b) 45
   (c) 20
   (d) 90

2. ऐसे व्यक्तियों की संख्या जो चाय और काफ़ी दोनों पीते हैं :

   (a) 7
   (b) 17
   (c) 20
   (d) 25

**Directions : (Question 1 – 3)**

Read the diagram given below. Choose the answer from the given options of the following questions :




Δ = No. of persons who drink tea

○ = No. of persons who drink coffee

▭ = No. of persons who drink wine

1. Number of those persons who drink only coffee :

   (a) 25
   (b) 45
   (c) 20
   (d) 90

2. Number of those persons who drink tea and coffee both :

   (a) 7
   (b) 17
   (c) 20
   (d) 25



Teachingninja.in

3. ऐसे व्यक्तियों की संख्या जो चाय, काफ़ी और शराब सभी पीते हैं :

(a) 15
(b) 32
(c) 22
(d) 24

4. **निर्देश :** एक कथन के बाद दो तर्क दिए जा रहे हैं। आप यह निश्चित कीजिए कि कौन सा तर्क मज़बूत है और कौन सा कमजोर है।

**कथन :** क्या भारत में सभी आयु की महिलाओं और लड़कियों के लिए पूरी शिक्षा मुफ्त कर दी जानी चाहिए ?

**तर्क-I :** नहीं, यह हमारे वर्तमान सामाजिक ढाँचे को कमजोर कर देगा।

**तर्क–II :** हाँ, भारतीय महिलाओं के गौरव को वापस लाने का यही एकमात्र रास्ता है।

(a) केवल तर्क-I मज़बूत है।
(b) केवल तर्क-II मज़बूत है।
(c) या तो तर्क-I या तर्क-II मज़बूत है।
(d) नतो तर्क-I और न तर्क-II मज़बूत है।

5. संख्या $6n^2 + 6n$ जहाँ n एक प्राकृत संख्या है, हमेशा भाज्य है

(a) 18 से
(b) 12 से
(c) 6 से
(d) 6 तथा 12 से

3. Number of those persons who drink all, tea, coffee and wine :

(a) 15
(b) 32
(c) 22
(d) 24

4. **Direction :** Two arguments are given after a statement, you have to decide which argument is strong and which argument is weak.

**Statement :** Should the complete education for women and girls of all the age groups to be given free of cost in India ?

**Argument I :** No, it will weaken our present social structure.

**Argument II :** Yes, it only is the way to regain the glory of Indian women.

(a) Only Argument I is strong.
(b) Only Argument II is strong.
(c) Either Argument I or Argument II is strong.
(d) Neither Argument I nor Argument II is strong.

5. The number $6n^2 + 6n$, where n is a natural number, is always divisible by

(a) 18
(b) 12
(c) 6
(d) 6 and 12



Teachingninja.in

6. निम्नलिखित में से कौन सा बेमेल है ?

12 जनवरी, 23 जनवरी, 30 जनवरी, 5 सितम्बर, 14 नवम्बर

(a) 23 जनवरी

(b) 30 जनवरी

(c) 5 सितम्बर

(d) 14 नवम्बर

**निर्देश : (प्र. 7 – 12)**

निम्नलिखित का अध्ययन कीजिए तथा प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

JY2=S£dEGM:7$HP9KLb@WQ13#CD©

7. ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें प्रत्येक के बाद में एक संख्या या प्रत्येक से पहले एक अक्षर आता है किन्तु दोनों नहीं ?

(a) शून्य

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

8. 2YS, Ed£ से उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे PHK सम्बन्धित है

(a) bQd से

(b) @bL से

(c) WQE से

(d) @bQ से

6. Which of the following is odd one ?

$12^{th}$ January, $23^{rd}$ January, $30^{th}$ January, $5^{th}$ September, $14^{th}$ November

(a) $23^{rd}$ January

(b) $30^{th}$ January

(c) $5^{th}$ September

(d) $14^{th}$ November

**Direction : (Question 7 – 12)**

Study the following and answer the questions :

JY2=S£dEGM:7$HP9KLb@WQ13#CD©

7. How many such symbols are there each of which is followed by a number or preceded by a letter but not both ?

(a) Zero

(b) One

(c) Two

(d) Three

8. 2YS is related to Ed£ in the same way as PHK is related to

(a) bQd

(b) @bL

(c) WQE

(d) @bQ



Teachingninja.in

9. ऐसे कितने अंक हैं जिनमें प्रत्येक के बाद में एक प्रतीक है या प्रत्येक से पहले एक अक्षर आता है किन्तु दोनों नहीं ?

(a) शून्य

(b) एक

(c) दो

(d) इनमें से कोई नहीं

10. ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें प्रत्येक के बाद में या प्रत्येक से पहले एक संख्या आती है किन्तु दोनों नहीं ?

(a) चार

(b) तीन

(c) दो

(d) एक

11. इस व्यवस्था में अंग्रेजी के कितने अंक हैं ?

(a) 7

(b) 5

(c) 2

(d) 0 (कोई नहीं)

9. How many such digits are there each of which is followed by a symbol or preceded by a letter but not both ?

(a) Zero

(b) One

(c) Two

(d) None of these

10. How many such letters are there each of which is followed by a number or preceded by a number but not both ?

(a) Four

(b) Three

(c) Two

(d) One

11. How many English numerals are there in this arrangement ?

(a) 7

(b) 5

(c) 2

(d) 0 (None)



Teachingninja.in

12. कुछ देशों की मुद्राओं को कितने प्रतीक प्रदर्शित करते हैं ?

(a) कोई भी नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

13. निम्नलिखित वर्ण श्रेणी में लुप्त अक्षर क्रम में हैं :

b_ _hj _n_rt


(a) bcim

(b) cfgo

(c) dfgp

(d) dflp

14. निम्नलिखित आकृतियों में से कौन बिना पेंसिल उठाए तथा बिना रेखा को दुहराए खींची जा सकती हैं ?




(a) केवल (A) और (C)

(b) केवल (B) और (D)

(c) केवल (A) और (B)

(d) केवल (A), (C) और (D)

12. How many symbols represent the currencies of some countries ?

(a) None

(b) One

(c) Two

(d) Three

13. The missing letters in the following letter series in order are :

b_ _hj _n_rt


(a) bcim

(b) cfgo

(c) dfgp

(d) dflp

14. Which of the following figures can be drawn without lifting the pencil and without repeating a line ?




(a) Only (A) and (C)

(b) Only (B) and (D)


(c) Only (A) and (B)


(d) Only (A), (C) and (D)




Teachingninja.in

15. निम्नलिखित आरेखों में से जिला, राज्य और देश को कौन सा वेन आरेख दर्शाता है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

16. 1 और 2 बजे के बीच घड़ी की दोनों सुईयाँ आपस में किस समय पर मिलेगी ?

(a) 1 : 30

(b) $1 : 5\frac{5}{11}$

(c) $1 : 10\frac{8}{11}$

(d) $1 : 10\frac{7}{10}$

17. यदि $\sqrt{3^n} = 81$ तब n = ?


(a) 81


(b) 9


(c) 8

(d) 6

15. Which diagram shows district, state and country in following diagrams ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

16. At which time the hands of clock will meet together between 1 and 2 O'clock ?

(a) 1 : 30

(b) $1 : 5\frac{5}{11}$

(c) $1 : 10\frac{8}{11}$

(d) $1 : 10\frac{7}{10}$

17. If $\sqrt{3^n} = 81$, then n = ?

(a) 81

(b) 9

(c) 8

(d) 6



Teachingninja.in

Teachingninja.in

18. $\frac{112}{\sqrt{196}} \times \frac{\sqrt{576}}{12} \times \frac{\sqrt{256}}{8}$ का मान है :

(a) 32

(b) 36

(c) 28

(d) 24

19. $\left(1-\frac{1}{3}\right) \cdot \left(1-\frac{1}{4}\right) \cdot \left(1-\frac{1}{5}\right) \ldots \left(1-\frac{1}{n}\right)$ का मान है :

(a) $\frac{1}{n}$

(b) $\frac{2}{n}$

(c) $\frac{2(n-1)}{n}$

(d) $\frac{2}{n(n+1)}$

20. निम्न को पूरा कीजिए :

YBV, TGT, OLR, JQP, ________

(a) EVO

(b) FVM

(c) EVN

(d) FVN

18. The value of $\frac{112}{\sqrt{196}} \times \frac{\sqrt{576}}{12} \times \frac{\sqrt{256}}{8}$ is

(a) 32

(b) 36

(c) 28

(d) 24

19. The value of $\left(1-\frac{1}{3}\right) \cdot \left(1-\frac{1}{4}\right) \cdot \left(1-\frac{1}{5}\right) \ldots \left(1-\frac{1}{n}\right)$ is

(a) $\frac{1}{n}$

(b) $\frac{2}{n}$

(c) $\frac{2(n-1)}{n}$

(d) $\frac{2}{n(n+1)}$

20. Complete the following :

YBV, TGT, OLR, JQP, ________

(a) EVO

(b) FVM

(c) EVN

(d) FVN



Teachingninja.in

21. एक महीने में सभी शनिवार एवं रविवार को छुट्टियाँ रहती हैं । यदि महीना जनवरी का है, तो उस महीने कुल कितनी छुट्टियाँ होगी ?

(a) 8


(b) 9

(c) 10

(d) जानकारी अधूरी है ।

**निर्देश : (प्र.22 – 26)**

नीचे दिए गए ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :




22. किस राज्य में विद्युतीकृत ग्रामों का प्रतिशत अधिकतम है ?

(a) अ

(b) ब

(c) स

(d) द

21. All Saturday and Sunday are holidays in a month. If the month is January, then how many total holidays are there in that month ?

(a) 8


(b) 9

(c) 10

(d) Incomplete information.

**Direction : (Question 22 – 26)**

Study the graph given below and then give the answer to the questions based on them.




22. In which state percentage of electrified village is maximum ?

(a) a

(b) b

(c) c

(d) d




Teachingninja.in

23. अगर केन्द्र सरकार शीघ्रता से विद्युतीकरण करने के लिए सहायता देने का निर्णय ले और सबसे कम विद्युतीकृत ग्रामों वाले राज्य से आरम्भ करती है तो वरीयता क्रम में कौन सा राज्य चौथे नम्बर पर आयेगा ?

(a) स

(b) ब

(c) अ

(d) फ

24. कितने राज्यों में कम से कम 60% या अधिक ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है ?

(a) पाँच

(b) तीन

(c) चार

(d) दो

25. कौन सा राज्य ऐसा है जहाँ द की तुलना में विद्युतीकृत ग्रामों का प्रतिशत दोगुना है ?

(a) स

(b) फ

(c) अ

(d) ब

23. If Central Government decided to help immediate electrification and started from the state having minimum electrified villages, then which state will be fourth in preferential order ?

(a) c

(b) b

(c) a

(d) f

24. In how many states electrification of the villages have been completed atleast 60% or above ?

(a) Five

(b) Three

(c) Four

(d) Two

25. In which state percentage of electrified villages is double in comparison with state d ?

(a) c

(b) f

(c) a

(d) b



Teachingninja.in

26. राज्य अ में कितने प्रतिशत ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है ?

(a) 65


(b) 25

(c) 35

(d) 75

**निर्देश : (प्र. 27 – 31)**

निम्नांकित चार्ट दो देशों (भारत व नेपाल) के लोगों का विभिन्न मदों पर खर्च प्रदर्शित करते हैं । इनका अध्ययन करके निम्न प्रश्नों का सही उत्तर ज्ञात कीजिए :




27. भोजन पर भारत का खर्च नेपाल के खर्च का कितना गुना है ?

(a) आधे से अधिक

(b) आधे से कम

(c) दो गुना से कम

(d) दो गुना से अधिक

26. How many percentage of villages have electrified in state a ?

(a) 65


(b) 25

(c) 35

(d) 75

**Direction : (Question 27 – 31)**

The following charts shows the expenditures on different items of people of two countries (India and Nepal). Study them and find the correct answer of the questions given below :




27. How many times is the expenditure of India to expenditure of Nepal on food ?

(a) More than half

(b) Less than half

(c) Less than two times

(d) More than two times



Teachingninja.in

28. नेपाल के लोग भोजन की अपेक्षा उत्सव पर कुल का कितने प्रतिशत अधिक खर्च करते हैं ?

(a) 62.4%

(b) 71.5%

(c) 41.7%

(d) इनमें से कोई नहीं

28. How much more is the percentage of total expenditure on entertainment in comparison to food of the people in Nepal ?

(a) 62.4%

(b) 71.5%

(c) 41.7%

(d) None of these

29. भारतीय लोगों का अन्य मदों पर खर्च लगभग कितने प्रतिशत है ?

(a) 22%

(b) 14%

(c) 9%

(d) 17%

29. What is the approximate percentage of expenditure on other items of Indian people ?

(a) 22%

(b) 14%

(c) 9%

(d) 17%

30. भारतीय लोगों का यात्रा पर खर्च तथा नेपाल के लोगों का यात्रा पर खर्च में क्या अनुपात है ?

(a) 9 : 5

(b) 2 : 5

(c) 5 : 3

(d) 3 : 4

30. What is the ratio of expenditure on travel of Indian people and expenditure on travel of Nepal people ?

(a) 9 : 5

(b) 2 : 5

(c) 5 : 3

(d) 3 : 4



Teachingninja.in

31. यदि नेपाल का शिक्षा पर व्यय ₹ 22 लाख 50 हजार हो तो उनका उत्सव पर कितना खर्च होता है ?

(a) ₹ 65 लाख 30 हजार

(b) ₹ 50 लाख 60 हजार

(c) ₹ 60 लाख

(d) ₹ 10 लाख 20 हजार

31. If the expenditure on education is ₹ 22 lakhs 50 thousand of Nepal people, then how much their expenditure is on entertainment ?

(a) ₹ 65 lakhs 30 thousands

(b) ₹ 50 lakhs 60 thousands

(c) ₹ 60 lakhs

(d) ₹ 10 lakhs 20 thousands

32. पानी से भरी एक बाल्टी का भार 20 कि.ग्रा है। यदि बाल्टी पानी से आधी भरी है तब उसका भार 14 कि.ग्रा. है । खाली बाल्टी का भार कितने कि.ग्रा. है ?

(a) 6 कि.ग्रा.

(b) 7 कि.ग्रा.

(c) 10 कि.ग्रा.

(d) 8 कि.ग्रा.

32. The weight of a bucket full of water is 20 kg. If the bucket is half filled with water, then its weight is 14 kg. How many kg is the weight of empty bucket ?

(a) 6 kg

(b) 7 kg

(c) 10 kg

(d) 8 kg

33. दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घण्टे तथा 3 घण्टे में भर सकते हैं । यदि दोनों नल एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टंकी भरने में समय लगेगा –

(a) 2 घण्टा 30 मिनट

(b) 5 घण्टा

(c) 50 मिनट

(d) 1 घण्टा 12 मिनट

33. Two pipes can fill a cistern in 2 and 3 hours respectively. If both the pipes are opened together, then the time taken to fill the cistern is

(a) 2 hrs 30 minutes

(b) 5 hrs

(c) 50 minutes

(d) 1 hr 12 minutes



Teachingninja.in

34. 250 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी एक खम्भे को 12 सेकण्ड में पार करती है । रेलगाड़ी की गति कितने किलोमीटर प्रति घण्टा है ?

(a) 60

(b) 80

(c) 75

(d) 50

35. एक वस्तु को ₹ 2,700 में बेचने पर उतनी ही हानि होती है जितना कि वस्तु को 10% लाभ पर बेचने पर लाभ होता है, तो उस वस्तु का लागत मूल्य क्या है ?

(a) ₹ 2,700

(b) ₹ 3,000

(c) ₹ 3,300

(d) ₹ 3,600

36. किसी आयताकार खेत का क्षेत्रफल उसकी लम्बाई और चौड़ाई के योग का 15 गुना है । यदि उसकी लम्बाई 40 मीटर है, तो उस खेत की चौड़ाई कितनी है ?

(a) 20 मीटर

(b) 24 मीटर

(c) 25 मीटर

(d) आंकड़े अधूरे हैं ।

34. A train of length 250 metre crosses a pole in 12 seconds. How many kilometres/hour is the speed of the train ?

(a) 60

(b) 80

(c) 75

(d) 50

35. On selling an article at ₹ 2,700 the loss is the same as the profit if it was sold on 10% profit, then what is the cost price of the article ?

(a) ₹ 2,700

(b) ₹ 3,000

(c) ₹ 3,300

(d) ₹ 3,600

36. The area of a rectangular field is 15 time the sum of its length and breadth. If its length is 40 metres, then what is the breadth of the field ?

(a) 20 metres

(b) 24 metres

(c) 25 metres

(d) Data is not sufficient.



Teachingninja.in

37. यदि एक धन चक्रवृद्धि ब्याज की दर से तीन वर्ष में दुगुना हो जाता है, तो उसी चक्रवृद्धि ब्याज की दर से वह कितने वर्षों में सोलह गुना हो जाएगा ?

(a) 24 वर्ष

(b) 16 वर्ष

(c) 8 वर्ष

(d) 12 वर्ष

**निर्देश : (प्र. 38 – 40)**

दो विद्यालयों 'A' और 'B' के परीक्षाफल निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं । नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर इस तालिका से दीजिए ।

| कक्षाएँ | विद्यालय 'A' | | विद्यालय 'B' | |
|---|---|---|---|---|
| | परीक्षा में बैठे | उत्तीर्ण | परीक्षा में बैठे | उत्तीर्ण |
| IX | 130 | — | 90 | 50 |
| X | — | 160 | 110 | 80 |
| XI | 160 | 150 | — | 105 |
| XII | 140 | 135 | 110 | — |
| **कुल** | **630** | **550** | **430** | **340** |

38. दोनों विद्यालयों के कुल कितने प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए ?

(a) 90.0

(b) 87.4

(c) 83.9

(d) 93.2

37. If an amount is doubled in three years at a given ratio of compound interest, then at the same rate of compound interest in how many years it will become sixteen times ?

(a) 24 years

(b) 16 years

(c) 8 years

(d) 12 years

**Directions : (Question 38 – 40)**

The examination results of two schools A and B is given in the table below. Answer the following questions :

| Classes | School A | | School B | |
|---|---|---|---|---|
| | Appeared | Pass | Appeared | Pass |
| IX | 130 | — | 90 | 50 |
| X | — | 160 | 110 | 80 |
| XI | 160 | 150 | — | 105 |
| XII | 140 | 135 | 110 | — |
| **Total** | **630** | **550** | **430** | **340** |

38. How many percent of the total number of students of both the school are pass ?

(a) 90.0

(b) 87.4

(c) 83.9

(d) 93.2



Teachingninja.in

39. दोनों विद्यालयों से कक्षा X के पास विद्यार्थियों की संख्या है :

(a) 310

(b) 255

(c) 250

(d) 240

40. विद्यालय 'A' के कक्षा-IX और कक्षा-X के पास होने वाले विद्यार्थियों का औसत है :

(a) 150.6

(b) 155.0

(c) 70.0

(d) 132.5

**निर्देश : (प्र. 41 – 42)**

एक निश्चित कूट भाषा में –

(i) Pit dar na का अर्थ you are good

(ii) dar tok pa का अर्थ good and bad तथा

(iii) tim na tok का अर्थ they are bad है।

41. इस भाषा में 'they' के लिए किस कोड का प्रयोग किया गया है ?

(a) na

(b) tok

(c) tim

(d) pit

39. The number of passed students of Class X from both the school is

(a) 310

(b) 255

(c) 250

(d) 240

40. Average of passed students of class IX and class X of school A is

(a) 150.6

(b) 155.0

(c) 70.0

(d) 132.5

**Directions : (Question 41 – 42)**

In a certain code language

(i) Pit dar na means you are good

(ii) dar tok pa means good and bad

(iii) tim na tok means they are bad

41. Which code is used for 'they' in this language ?

(a) na

(b) tok

(c) tim

(d) pit



Teachingninja.in

42. उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित में से किस कथन को हटाया जा सकता है ?

(a) मात्र (i)

(b) मात्र (ii)

(c) या तो (i) या (ii)

(d) या तो (ii) या (iii)

42. Which of the following statements may be removed in order to find the answer of the above question ?

(a) only (i)

(b) only (ii)

(c) either (i) or (ii)

(d) either (ii) or (iii)


43. प्राची ने 'A' स्थान से चलकर पूर्व की तरफ 'B' स्थान तक 10 फीट की दूरी तय की, तब वह दायीं तरफ मुड़ी और 3 फीट चली, फिर से वह दाईं तरफ मुड़ी और 14 फीट चली । वह स्थान A से कितनी दूरी पर है ?

(a) 4 फीट

(b) 5 फीट

(c) 27 फीट

(d) 24 फीट




43. Prachi starting from place A towards east upto place B covered a distance of 10 feets, then she turned right and moved 3 feets, again she turned right and moved 14 feets. At how much distance from place A is she ?

(a) 4 feets

(b) 5 feets

(c) 27 feets

(d) 24 feets

44. यदि 5 जनवरी 2012 को सोमवार था तो 31 मार्च 2013 को कौन सा दिन था ?

(a) रविवार

(b) सोमवार

(c) मंगलवार

(d) इनमें से कोई नहीं

44. If 5th January, 2012 was Monday, then which was the day on 31st March, 2013 ?

(a) Sunday

(b) Monday

(c) Tuesday

(d) None of these



Teachingninja.in

45. यदि A का अर्थ +, D का अर्थ +, P का अर्थ × और S का अर्थ – हो, तो 68A48D2S8P10 = ?

(a) 46

(b) 64

(c) 12

(d) 500

45. If A means +, D means ÷, P means × and S means –, then 68A48D2S8P10 = ?

(a) 46

(b) 64

(c) 12

(d) 500

**निर्देश : (प्र. 46 – 48)**

(i) लकड़ी के एक घनाभ की लम्बाई 4 से.मी., चौ. 3 सेमी और ऊँचाई 5 सेमी है ।

(ii) 5 सेमी × 4 सेमी के विपरीत ओर लाल रंग से रंगे गए हैं ।

(iii) 4 सेमी × 3 सेमी के विपरीत ओर को नीला रंगा गया है ।

(iv) शेष दोनों ओर हरे रंग से रंगा गया है ।

(v) अब घनाभ को 1 सेमी × 1 सेमी × 1 सेमी के घनों में काटा गया है ।

**Directions (Question 46 – 48) :**

(i) A wooden cuboid has length 4 cm, breadth 3 cm and height 5 cm.

(ii) Opposite sides of 5 cm × 4 cm are coloured red.

(iii) Opposite sides of 4 cm × 3 cm are coloured blue.

(iv) Remaining two sides are coloured green.

(v) The cuboid is cut-off to divide into cubes of 1 cm × 1 cm × 1 cm.

46. कितने घनों मे केवल एक रंग होगा ?

(a) 12

(b) 16

(c) 22

(d) 28

46. How many cubes will have only one colour ?

(a) 12

(b) 16

(c) 22

(d) 28



Teachingninja.in

**47.** कितने घनों में सभी तीन रंग होंगे ?

(a) 14

(b) 12

(c) 10

(d) 8

**48.** कितने घनों में कोई रंग नहीं होगा ?

(a) निरंक

(b) 6

(c) 4

(d) 2

**49.** चार विकल्प दिए गए हैं । एक को छोड़कर तीन में समानता है । भिन्न विकल्प का पता लगाइए ।


(a) सुनना

(b) चढ़ना

(c) तैरना

(d) दौड़ना

**50.** प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर सही संख्या है –




(a) 4

(b) 25

(c) 36

(d) 10

**47.** How many cubes will have all the three colours ?

(a) 14

(b) 12

(c) 10

(d) 8

**48.** How many cube will have no colour ?

(a) Nil

(b) 6

(c) 4

(d) 2

**49.** Four options are given. There is similarity in three excluding one. Find the option which differs.


(a) To hear

(b) To climb

(c) To swim

(d) To run

**50.** The correct number at the place of question mark is




(a) 4

(b) 25

(c) 36

(d) 10



Teachingninja.in

51. एक वृत्ताकार प्लेट जिसकी त्रिज्या 5 सेमी है के केन्द्र से 3 सेमी त्रिज्या का डिस्क काट लिया जाता है । अब दो वस्तु डिस्क एवं वासर बन जाते हैं तो डिस्क एवं वासर के क्षेत्रफल का अनुपात है

(a) $\frac{5}{3}$

(b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{9}{16}$

(d) $\frac{16}{9}$

52. दो ऐसी संख्याएँ जिनके जोड़ का वर्ग एवं जिनके वर्गों के जोड़ का अंतर 2 है, वे हैं

(a) केवल काल्पनिक संख्या

(b) कोई संख्या नहीं

(c) एक संख्या धनात्मक एवं एक ऋणात्मक

(d) इनमें से कोई नहीं

53. 50 से कम प्राकृत संख्याओं के कितने युग्म बनेंगे जो कि निम्न दशा संतुष्ट करते हैं, उनके अंतर एवं योग का अनुपात 2 : 7 है ?

(a) 3

(b) 2

(c) 1

(d) इनमें से कोई नहीं

51. From a circular plate of radius 5 cm, a disc of 3 cm radius was cut, whose centre is the same point as of plate. Now, have two items a disc and a washer. Find the ratio of area of disc with washer.

(a) $\frac{5}{3}$

(b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{9}{16}$

(d) $\frac{16}{9}$

52. Find two numbers such that the difference between, their square of sum and sums of square is 2.

(a) Only imaginary numbers

(b) No numbers

(c) One number positive and other negative

(d) None of these

53. How many pairs of natural numbers lying below 50 will satisfy the condition that the ratio of their difference to their sum is 2 : 7 ?

(a) 3

(b) 2

(c) 1

(d) None of these



Teachingninja.in

54. राम, श्याम और हरि एक कार्य को क्रमशः 30, 45 और 60 दिन में कर सकते हैं। यदि वे मिलकर उस कार्य को करके ₹ 7,800 कमाते हैं, तब राम को क्या धनराशि मिलेगी ?

(a) ₹ 3,800

(b) ₹ 3,600

(c) ₹ 3,400

(d) ₹ 3,200

55. एक रेलगाड़ी 40 किमी/घंटा की चाल से, उसी दिशा में 25 किमी/घंटा की चाल से चलने वाले आदमी को, 48 सेकन्ड में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई क्या होगी ?

(a) 50 मीटर

(b) 100 मीटर

(c) 200 मीटर

(d) 400 मीटर

56. निम्नलिखित वर्ग में कौन सी संख्या आयेगी ?

3, 2, 9, 4, □, 8, 81, 16

(a) 27

(b) 21

(c) 18

(d) 15

54. Ram, Shyam and Hari can do a piece of work in 30, 45 and 60 days respectively. If they do the work together and earn ₹ 7,800, then what amount Ram will receive ?

(a) ₹ 3,800

(b) ₹ 3,600

(c) ₹ 3,400

(d) ₹ 3,200

55. A train with speed 40 km/hr crosses a man, moving in same direction of speed 25 km/hr in 48 seconds. What will be the length of train ?

(a) 50 metre

(b) 100 metre

(c) 200 metre

(d) 400 metre

56. Which number will appears in following square ?

3, 2, 9, 4, □, 8, 81, 16

(a) 27

(b) 21

(c) 18

(d) 15



Teachingninja.in

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) एक दल के नेता के लिए दल के सदस्यों की सामर्थ्य और कमजोरियों के आकलन का कौशल आवश्यक है ।

(ii) एक दल के नेता के लिए व्यक्ति विशिष्ट लक्ष्य और दल के लिए सामान्य लक्ष्यों के निर्धारण का कौशल आवश्यक है ।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल (i)

(b) केवल (ii)

(c) (i) व (ii) दोनों

(d) न (i) और न ही (ii)

57. Consider the following statements :

(i) A team leader need skill to assess strength and weaknesses of team members.

(ii) A team leader need skill to develop specific individual goals and to establish a common goal for the team.

Which of the above statement(s) is/are correct ?

(a) Only (i)

(b) Only (ii)

(c) Both (i) and (ii)

(d) Neither (i) nor (ii)

58. निम्नलिखित में से कौन सा एक-मार्गी सम्प्रेषण का उदाहरण है ?

(a) एक टेलीविजन (दूरदर्शन) कार्यक्रम

(b) एक कक्षा-कक्ष परिस्थिति

(c) एक सम्मेलन

(d) किसी विषय पर बैठक

58. Which of the following is an example of one-way communication ?

(a) A television programme

(b) A classroom situation

(c) A conference

(d) A meeting on an issue



Teachingninja.in

**निर्देश : (प्र. 59 – 62)**

निम्नलिखित सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न के उत्तर दीजिए :

अजय, अविनाश, अमित, आलोक, अरुण, अनिल और अखिल सात मित्र हैं। वे अभियान्त्रिकी की विभिन्न शाखाओं में यथा मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, कम्प्यूटर सांईस, सूचना प्रोद्यौगिकी, बॉयोटेक और इलेक्ट्रिकल में पढ़ रहे हैं। ये क्रम में हो आवश्यक नहीं है। इनमें से प्रत्येक निम्नलिखित में एक खेल यथा फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, बैडमिन्टन, स्क्वॉश, वॉलीबॉल और लॉन टेनिस खेलता है परन्तु ये भी क्रम हों आवश्यक नहीं है। अनिल हॉकी खेलता है तथा न तो इलेक्ट्रिकल और न ही सूचना प्रोद्यौगिकी पढ़ता है। अरुण इलेक्ट्रोनिक्स पढ़ता है और वॉलीबॉल खेलता है। अजय बॉयोटेक पढ़ता है और फुटबॉल व स्क्वॉश नहीं खेलता है। जो केमिकल पढ़ता है वह क्रिकेट खेलता है। जो फुटबॉल खेलता है वह कम्प्यूटर सांईस पढ़ता है। अनिल स्क्वॉश खेलता है। अखिल बैडमिन्टन खेलता है और इलेक्ट्रिकल पढ़ता है। आलोक केमिकल नहीं पढ़ता है।

**59.** फुटबॉल कौन खेलता है ?

(a) अविनाश

(b) अरुण

(c) आलोक

(d) अजय

**Direction : (Question 59 – 62)**

Read the following information carefully and answer the questions :

Ajay, Avinash, Amit, Alok, Arun, Anil and Akhil are seven friends. They are studying engineering in different branches such as Mechanical, Chemical, Electronics, Computer Science, Information Technology, Biotech and Electrical not necessarily in the same order. Each of them also excel in one of the following games such as Football, Cricket, Hockey, Badminton, Squash, Volleyball and Lawn Tennis, again not necessarily in the same order. Anil plays Hockey and neither studies Electrical nor Information Technology. Arun studies Electronics and plays Volleyball. Ajay studies Biotech and does not play either Football or Squash. The one who studies Chemical plays Cricket. The one who plays Football studies Computer Science. Anil plays Squash. Akhil plays Badminton and studies Electrical. Alok does not study Chemical.

**59.** Who plays Football ?

(a) Avinash

(b) Arun

(c) Alok

(d) Ajay



Teachingninja.in

60. अनिल क्या पढ़ता है ?

(a) केमिकल

(b) सूचना प्रोद्यौगिकी

(c) मैकेनिकल

(d) कम्प्यूटर सांईस

61. निम्नलिखित में से कौन सा खेल अजय खेलता है ?

(a) क्रिकेट

(b) फुटबॉल

(c) बैडमिन्टन

(d) लॉन टेनिस

62. अविनाश क्या पढ़ता है ?

(a) केमिकल

(b) सूचना प्रोद्यौगिकी

(c) मैकेनिकल

(d) इलेक्ट्रिकल

60. What does Anil study ?

(a) Chemical

(b) Information Technology

(c) Mechanical

(d) Computer Science

61. Which of the following game does Ajay play ?

(a) Cricket

(b) Football

(c) Badminton

(d) Lawn Tennis

62. What does Avinash study ?

(a) Chemical

(b) Information Technology

(c) Mechanical

(d) Electrical



Teachingninja.in

63. दो डाइस एक साथ उछाले गए । अगर उनका जोड़ 5 आता है तो उछालने वाला खिलाड़ी जीत सकता है । तो उसके जीतने की प्रायिकता होगी


(a) $\frac{2}{3}$

(b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{5}$

(d) $\frac{1}{9}$

64. एक जमीन जिसका नाप 3 मी × 2 मी है, उसे एक मीटर गहरा खोदकर उस मिट्टी से उसके चारों तरफ $\frac{1}{2}$ मी ऊँची बाउन्डरी इस तरह बनाई गई कि उसकी चौड़ाई समान रहे तो मेड़ (बाउन्डरी) की चौड़ाई क्या होगी ?



(a) $\frac{1}{2}$ मी

(b) $\frac{3}{2}$ मी

(c) $\frac{2}{3}$ मी

(d) इनमें से कोई नहीं

65. किसी 'a' त्रिज्या के वृत्त के क्षेत्रफल एवं उसके अंदर बने महत्तम वर्ग के क्षेत्रफल का अनुपात होगा

(a) $\pi$

(b) $\frac{\pi}{2}$

(c) $\frac{2}{\pi}$

(d) इनमें से कोई नहीं



63. Two fair dice are thrown independently by a player and needs a total of 5 to win the game. What will be his probability of winning the game ?

(a) $\frac{2}{3}$

(b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{5}$

(d) $\frac{1}{9}$

64. A plot of size 3 m × 2 m is dug upto depth of 1 m. The soil taken out was used to form a boundary of the said plot to a height of $\frac{1}{2}$ m with uniform thickness of the boundary, then the thickness of the boundary will be

(a) $\frac{1}{2}$ m

(b) $\frac{3}{2}$ m

(c) $\frac{2}{3}$ m

(d) None of these

65. In a circle of radius a, the square of maximum size is drawn. Then the ratio of area of circle and the area of square will be

(a) $\pi$

(b) $\frac{\pi}{2}$

(c) $\frac{2}{\pi}$

(d) None of these



Teachingninja.in

66. संधि-विच्छेद सही नहीं है -

(a) दुस्संधि – दुः + संधि

(b) कोऽपि – कः + अपि

(c) लम्बोष्ठ – लम्ब + ओष्ठ

(d) पावक – पो + अक

67. निम्नांकित में से शुद्ध रूप है -

(a) अंजली

(b) कालीदास

(c) श्राप

(d) अहल्या

68. 'आँख उठाकर न देखना' का सही अर्थ है -

(a) पलकें बंद रखना।

(b) आँख न खोलना।

(c) उपेक्षा करना।

(d) तपस्या करना।

69. 'एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा' लोकोक्ति का अर्थ है -

(a) करेले की बेल नीम पर चढ़ाई जाती है।

(b) करेले और नीम पास-पास उगते हैं।

(c) गुणी की अच्छी संगत में पड़कर और गुणवान हो जाना।

(d) बुरे का बुरी संगत में पड़कर और बुरा हो जाना।

70. कौन सा शब्द सही है ?

(a) उज्ज्वल

(b) उज्वल

(c) उज्जवल

(d) उत्ज्वल

71. 'कमल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

(a) अरविंद

(b) राजीव

(c) गिरीश

(d) नीरज

72. 'ए' स्वर का प्रकार है -

(a) ह्रस्व स्वर

(b) दीर्घ स्वर

(c) मूल स्वर

(d) संयुक्त स्वर

73. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है -

(a) घोटक

(b) कपूत

(c) कोयल

(d) धरम

74. चंद्रमा का पर्यायवाची शब्द है -

(a) प्रभाकर

(b) विश्वम्भर

(c) मधुकर

(d) कलाधर

75. 'उपसर्ग' का विलोम शब्द है -

(a) उपादान

(b) प्रत्यय

(c) अमंगल

(d) विरक्त



Teachingninja.in

76. 'नपल्ली' क्या है ?

(a) मच्छर

(b) मक्खी

(c) जोंक

(d) छिपकिली

77. किस कवयित्री के प्रथम काव्य-संग्रह 'मोर अंगना के फूल' (2012) को विमर्श के साथ प्रकाशित छत्तीसगढ़ी काव्य-संग्रह की प्रथम कृति माना गया है ?

(a) शकुंतला शर्मा

(b) सरला शर्मा

(c) वसंती वर्मा

(d) अनसूया अग्रवाल

78. 'तिरस्कृत होना' के लिए छत्तीसगढ़ी मुहावरा क्या है ?

(a) अघोरी होना

(b) अक्कल मा गोबर भरना

(c) अघा जाना

(d) अटर्रा होना

79. 'विचार सीमित होना' के लिए छत्तीसगढ़ी मुहावरा क्या है ?

(a) कोइला होना

(b) कोचई-कांदा होना

(c) कोंदा होना

(d) कोरी-खरिखा होना

80. 'बहादुर होने का दावा करना' के लिए छत्तीसगढ़ी मुहावरा क्या है ?

(a) छाती पीटना

(b) छाती फूलना

(c) छाती भरना

(d) छाती देखाना

81. छत्तीसगढ़ी मुहावरा में रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

पइसा-पइसा बर ________

(a) भरना

(b) जीना

(c) रोना

(d) तरसना

82. 'मोहित करना' के लिए छत्तीसगढ़ी मुहावरा क्या है ?

(a) मन हरियाना

(b) मन ला बोधना

(c) मन लेना

(d) मन ला राखना

83. छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति को पूरा करें –

खनिस-खपटिस पथरा, पाइस ________

(a) कोलिहा

(b) छुछुवा

(c) मुसुवा

(d) लमहा



Teachingninja.in

84. छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

लकड़हा डबरा म कनवा ________

(a) कोकड़ा

(b) कौआ

(c) परेवा

(d) मैना

85. छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति के रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

हपटे बन के पथरा, फोरे घर के ________

(a) सील

(b) लोढ़ा

(c) पीढ़ा

(d) बेलना

86. छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

कनवा-खोरवा बड़ा उपाई, ________ मा चघके बंदूक चलाई ।

(a) सीढ़िया

(b) छानी

(c) आँट

(d) दुवारी

87. छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

राजा नलल विपत परिस तौ भूंजे मछरी ________ म कूदिस

(a) डबरा

(b) तरिया

(c) नदिया

(d) दहरा

88. छत्तीसगढ़ी जनउला का उत्तर दीजिए –

पानी के भीतर काँस के लोटा

(a) सूर्य

(b) चंद्रमा

(c) अंडा

(d) नारियल

89. छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस की तिथि बतलाइए -

(a) 28 नवम्बर

(b) 14 अगस्त

(c) 21 फरवरी

(d) 14 सितंबर

90. 'छत्तीसगढ़ी का संपूर्ण व्याकरण' ग्रंथ में डॉ. विनय कुमार पाठक के साथ सहलेखक कौन हैं ?

(a) डॉ. विनोद कुमार वर्मा

(b) डॉ. विमल कुमार पाठक

(c) राघवेंद्र दुबे

(d) विवेक तिवारी



Teachingninja.in

91. 'बिछुवा' का अर्थ क्या है ?
(a) बिछिया
(b) बिजहा
(c) बिच्छू
(d) छूरी

92. निम्नलिखित में से कौन सा देशज उपसर्ग है ?
(a) कठ
(b) बद
(c) अइन
(d) सर

93. 'गुरतुर' में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) उर
(b) तुर
(c) ऊर
(d) रतुर

94. 'डंडा' शब्द का बहुवचन क्या होगा ?
(a) डंडे
(b) डंडा
(c) डंडा मन
(d) बहुत सारे डंडे

95. 'निरोग' शब्द का विशेषण (छत्तीसगढ़ी) शब्द बनाइए –
(a) निरोकुल
(b) निररोग
(c) निरोगिल
(d) निरोगुल

96. छत्तीसगढ़ी में क्रियाविशेषण शब्द है –
(a) चुटरी
(b) चुप्पा
(c) चुपेचाप
(d) चुरपुर

97. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन छत्तीसगढ़ी में अर्धस्वर है ?
(a) प्
(b) र्
(c) य्
(d) ल्

98. छत्तीसगढ़ी जनउला 'एक चिरई अइसा, पूछी मा दू पइसा' का क्या अर्थ है ?
(a) नीलकंठ
(b) कोयल
(c) कबूतर
(d) मयूर

99. 'टेहों' या 'टेहर्रा' किस पक्षी का नाम है ?
(a) नीलकंठ
(b) मयूर
(c) तोता
(d) बुलबुल

100. 'जनउला' का अर्थ क्या है ?
तनक से फुदकी फुदकत जाय,
नौ से औड़वा पारत जाय ।
(a) चाकू
(b) चिमटी
(c) करछूल
(d) सुई



Teachingninja.in